मुख्यमंत्री ने राज्य कृषि विपिणन बोर्ड के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया तथा छत्तीसगढ़ कृषि भवन की आधारशिला रखी

चर्चा में क्यों?

- 12 सितंबर, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपिणन (मंडी) बोर्ड के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया तथा नए बनने वाले छत्तीसगढ़ कृषि भवन की आधारशिला रखी।

प्रमुख बिंदु

- इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मंडी बोर्ड के नवीन भवन का नामकरण सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर करने की घोषणा की। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में 40 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किये गए इस भवन में बीज निगम का कार्यालय भी संचालित होगा।
- लगभग 1 लाख 58 हज़ार वर्गफीट में बनाए गए इस भवन से कृषि संबंधी विभिन्न गतिविधियाँ संचालित होंगी जिसका लाभ किसानों को मिलेगा।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की सुविधा के लिये राज्य में मंडी का विस्तार किया जा रहा है। राज्य में लगभग 1.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जानी है। इसको देखते हुए धान संग्रहण केंद्रों को भी मंडी के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- इसके अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 49 करोड़ 50 लाख की लागत से 3.14 एकड़ में बनने वाले नए पाँच मंज़िला छत्तीसगढ़ कृषि भवन का भूमिपूजन किया एवं आधारशिला रखी।
- कृषि भवन में कृषि से संबंधित समस्त विभाग-कृषि संचालनालय, कृषि अभियांत्रिकी, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, जल ग्रहण प्रबंधन, पशुधन विकास, मछली पालन के संचालनालय होंगे। भवन में कृषि मंत्री एवं कृषि उत्पादन आयुक्त का कार्यालय भी स्थापित होगा।
- एकीकृत कृषि भवन के निर्माण से विभाग की सहयोगी संस्थाओं के बीच आपसी सामंजस्य में वृद्धि होगी, जिससे कृषि विकास के कार्यों में गति आएगी तथा राज्य भर से आने वाले कृषकों की समस्याओं का निपटारा एक ही छत के नीचे संभव हो सकेगा। भविष्य में कृषि भवन को कृषि क्षेत्र के विकास हेतु एक 'समन्वित संसाधन केंद्र' के रूप में विकसित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ कृषि भवन
भूमिपूजन
श्री भूपेश बघेल
श्री ताम्रध्वज साहू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-office-building-of-the-state-agricultural-marketing-board-and-laid-the-foundation-stone-of-chhattisgarh-krishi-bhawan